राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने दुर्गापूजा एवं विजयादशमी के सुअवसर पर बिहारवासियों को शुभकामनाएँ दी

पटना, 16 अक्टूबर 2018

महामहिम राज्यपाल श्री लाल जी टंडन ने 'दुर्गापूजा' एवं 'विजयादशमी' के सुअवसर पर समस्त बिहारवासियों व देशवासियों को अपनी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है।

राज्यपाल श्री टंडन ने अपने शुभकामना–संदेश में कहा है कि 'विजयादशमी' असत्य पर सत्य, अन्याय पर न्याय, अहंकार पर नम्रता, शोषण पर त्याग, वैमनस्य पर प्रेम, दुराचरण पर सदाचार तथा बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक पर्व है।

राज्यपाल ने अनुरोध किया है कि सबलोग भाईचारा और प्रेम के साथ इस पर्व को आयोजित करें, ताकि हमारी गौरवशाली सांस्कृतिक परम्परा एवं राष्ट्रीयता की भावना सुदृढ़ एवं सुविकसित हो सके।

....